तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज अशोक सिंघल बनाम लो0सू0अधि0 (अति0जिला कलक्टर धौ0) प्रथम अपील (मु0संख्या 92 / 2021) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (जीसीएमएस न0 2021 / 208)	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
17.01.2022	अपीलान्ट अनुपस्थित। पैरोकार सरकार उपस्थित। अपीलान्ट ने यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एंव अति0जिला कलक्टर धौलपुर द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण पेश की है। लोक सूचना अधिकारी को अपील की प्रति भिजवाई जाकर उनसे टिप्पणी प्राप्त की गई। लोक सूचना अधिकारी एंव अति0जिला कलक्टर धौलपुर ने अपने पत्र कमांकः अपील / आरटीआई / 2021–22 / 480 दिनांक15.11.2021 के द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी / रिपोर्ट में अवगत कराया है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाहने हेतु दिनांक 18.9.2021 को आवेदन भिजवाया गया। उक्त आवेदन आवक शाखा के कमांक 100099 दिनांक 21.9.2021 से इस कार्यालय में प्राप्त हुआ जिसमें अपीलार्थी द्वारा बिन्दु संख्या 1 लगा0 3 की सूचना चाही गई। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना हेतु कार्यालय के पत्रांक संपर्क / सू.अधि. / 2021 / 395 दिनांक 22.09.2021 से अपीलार्थी को लिखा गया कि आप द्वारा आवेदन में चाही गई सूचना अस्पष्ट होने के कारण वांछनीय सूचना के सबंध में दिनांक 06.10.2021 किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय पर उपस्थित होकर एक घण्टें अवधि सीमा तक पत्रावली का अवलोकन निःशुल्क कर सकते है ताकि आपको नियमानुसार कौन–कौन सी सूचना चाहिए जो कि आपको अधिनियम 2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराई जा सकें। अपीलार्थी ने पुनःअपने पत्र दिनांक 05.10.2021 से इस कार्यालय को लिखा कि प्रार्थी सूचना का अवलोकन नहीं करना है। अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक संपर्क / सू0अ0 / 2021 / 459 दिनांक 03.11.2021 से सूचित किया जा चुका है कि उक्त सूचना हेतु आपको इस कार्यालय के पत्रांक सुगम / सू0अधि0 / 2020 / 4438 दिनांक 29.10.2020 से भी सूचित किया गया था कि प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण चाही गई सूचना दिया जामा संभव नहीं है। अतः हमने लोक सूचना अधिकारी एंव अति0जिला कलक्टर धौलपुर द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी / रिपोर्ट का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत 1लगा03 बिन्दुओं पर सूचना चाही गई है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना हेतु कार्यालय	

के पत्रांक संपर्क/सू.अधि./2021/395 दिनांक 22.09.2021 से अपीलार्थी को लिखा गया कि आप द्वारा आवेदन में चाही गई सूचना अस्पष्ट होने के कारण वांछनीय सूचना के सबंध में दिनांक 06.10.2021 किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय पर उपस्थित होकर एक घण्टें अवधि सीमा तक पत्रावली का अवलोकन निःशुल्क कर सकते है ताकि आपको नियमानुसार कौन-कौन सी सूचना चाहिए जो कि आपको अधिनियम 2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराई जा सकें। अपीलार्थी ने पुनःअपने पत्र दिनांक 05.10.2021 से इस कार्यालय को लिखा कि प्रार्थी सूचना का अवलोकन नहीं करना है। अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक संपर्क/सू0अ0/2021/459 दिनांक 03.11.2021 से सूचित किया जा चुका है कि उक्त सूचना हेतु आपको इस कार्यालय के पत्रांक सुगम/सू0अधि0/2020/4438 दिनांक 29.10.2020 से भी सूचित किया गया था कि प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण चाही गई सूचना दिया जाना संभव नहीं है। अतः प्रथम अपील, अपीलान्ट इसी स्तर पर निस्तारित की जाती है। लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलक्टर धौलपुर से प्राप्त रिपोर्ट की प्रति अपीलान्ट को उपलब्ध कराई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो नम्बर से कम की जावे।

(आर.के.जायसवाल)
जिला कलक्टर, धौलपुर